Meghalaya Board of School Education

SAMPLE PAPERS

aglasem.com



HINDI

(Modern Indian Language)

Full Marks :100

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

General Instructions:

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part–A Objective Questions serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

(PART : A–OBJECTIVE)

(*Marks* : 50)

SECTION–I

(*Marks* : 20)

गद्य एवं पद्य

1. पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1 x 10 = 10

(क) कबीर भक्तिकाल के सगुण भक्ति धारा के प्रतिनिधि कवि हैं।

(ख) मीराबाई ने पर्दा प्रथा का पालन नहीं किया था।

(ग) 'जामुन का पेड़' कहानी का मुख्य विषय-वस्तु कार्यालयी तौर तरीका है।

(घ) पथेर पांचाली फिल्म में अपू की भूमिका सुबीर बनर्जी ने किया था।

(ङ) अक्क महादेवी मूलतः दुर्गा की उपासिका थीं।

(च) प्राइमरी स्कूल की सीमा लाँघते ही मोहन ने छात्रवृत्ति प्राप्त कर ली थी।

(छ) भवानी प्रसाद मिश्र को 'कविता का नेहरु' भी कहा गया है।

(ज) 'नगाड़े की तरह बजते शब्द' नामक रचना निर्मला पुतुल की है।

(झ) 'वे आँखें' कविता पंत जी की छायावादी दौर की कविता है।

(ञ) सैयद हैदर रज़ा मूलतः चित्रकार हैं।

2. कोष्ठकों में दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: 1 x 5 = 5

(क) पिछले सुख की स्मृति _____ में क्षण भर एक चमक है लाती। (कानों / आँखों)

(ख) 'अपू के साथ ढाई साल' नामक संस्मरण _____ फिल्म के अनुभवों से संबंधित है। (अपराजिता / पथेर पांचाली)

(ग) माटर त्रिलोक सिंह ने धनराम को _____ का पहाड़ा सुनाने को कहा था। (तेरह / पंद्रह)

(घ) बचाएँ डूबने से पूरी की पूरी _____ को हड़िया में। (बस्ती / गाँव)

(ङ) पंडित अलोपीदीन ने मुंशी वंशीधर को आपनी सारी जायदाद का _____ मैनेजर बना दिया था। (स्थायी / अस्थायी)

3. प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1 x 5 = 5

(क) 'नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मज़ार है।' यह कथन किसका है।

(i) वकील का

(ii) अलोपीदीन का

(iii) वृद्ध मुंशी का

(iv) मास्टर त्रिलोक सिंह का

(ख) 'कारकुनों की लाठी से जो गया जवानी ही में मारा'। यह किस कविता की पंक्ति है।

(i) पथिक

(ii) घर की याद

(iii) सबसे खतरनाक

(iv) वे आँखें

(ग) कौन सी कक्षा की पढ़ाई समाप्त कर छुट्टियों में मोहन गांव आया हुआ था।

(i) दसवीं

(ii) सातवीं

(iii) आठवीं

(iv) पांचवी

(घ) ''ये तो माना कि तगाफ़ुल न करोगे लेकिन
खाक हो जाएँगें हम तुमको खबर होने तक !''
यह पंक्ति किस पाठ से ली गई है।

(i) नमक का दारोगा

(ii) जामुन का पेड़

(iii) भारत माता !

(iv) घर की याद

(ङ) श्रीनगर में रज़ा की मुलाकात किस फ्रेंच फोटोग्राफ़र से हुई थी ?

(i) सेज़ाँ

(ii) हेनरी कार्तिए ब्रेसाँ

(iii) पिकासो

(iv) वॉन गॉग

SECTION–II

(*Marks* : 30)

(व्याकरण तथा रचना)

4. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में निबन्ध लिखिए: 10

(क) समाचार पत्र और उसकी उपयोगिता

(ख) किसी मेले का आँखो-देखा वर्णन

(ग) नशाखोरी — एक अभिशाप

(घ) मेरा प्यारा शहर शिलांग

(ङ) नारी शिक्षा — आज की आवश्यकता

5. अपने मोहल्ले में दिन-प्रतिदिन बढ़ते बिजली संकट की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए समाचार-पत्र के सम्पादक को एक पत्र लिखिए। 10

अथवा

अपने मित्र को परीक्षा में सफलता प्राप्त होने पर एक बधाई-पत्र लिखिए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में (क) अथवा (ख) का उत्तर दीजिए: 10

(क) जाति-प्रथा को यदि श्रम-विभाजन मान लिया जाए, तो यह स्वाभाविक विभाजन नहीं है, क्योंकि यह मनुष्य की रुचि पर आधारित नहीं है। कुशल व्यक्ति या सक्षम-श्रमिक-समाज का निर्माण करने के लिए यह आवश्यक है कि हम व्यक्तियों की क्षमता इस सीमा तक विकसित करें, जिससे वह अपना पेशा या कार्य का चुनाव स्वयं कर सके। इस सिद्धान्त के विपरीत जाति-प्रथा का दूषित सिद्धान्त यह है कि इससे मनुष्य के प्रशिक्षण अथवा उसकी निजी क्षमता का विचार किए बिना, दूसरे ही दृष्टिकोण जैसे माता-पिता के सामाजिक स्तर के अनुसार, पहले से ही अर्थात गर्भधारण के समय से ही मनुष्य का पेशा निर्धारित कर दिया जाता है।

जाति-प्रथा पेशे का दोषपूर्ण पूर्व निर्धारण ही नहीं करती बल्कि मनुष्य को जीवन-भर के लिए एक पेशे में बाँध भी देती है। भले ही पेशा अनुपयुक्त या अपर्याप्त होने के कारण वह भूखों मर जाए। आधुनिक युग में यह स्थिति प्राय: आती है; क्योंकि उद्योग-धंधों की प्रक्रिया व तकनीक में निरन्तर विकास और कभी-कभी अकस्मात् परिवर्तन हो जाता है। जिसके कारण मनुष्य को अपना पेशा बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है। और यदि प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मनुष्य को अपना पेशा बदलने की स्वतंत्रता न हो, तो इसके लिए भूखों मरने के अलावा क्या चारा रह जाता है? हिन्दू धर्म की जाति-प्रथा किसी भी व्यक्ति को ऐसा पेशा चुनने की अनुमति नहीं देती है, जो उसका पैतृक पेशा न हो, भले ही वह उसमें पांरगत हो। इस प्रकार पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर जाति-प्रथा भारत में बेरोजगारी का एक प्रमुख व प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है।

(i) 'जाति-प्रथा को स्वाभाविक श्रम-विभाजन नहीं कहा जा सकता' क्यों?

(ii) जाति-प्रथा के सिद्धान्त को दूषित क्यों कहा गया है?

(iii) ''जाति-प्रथा पेशे को न केवल दोषपूर्ण पूर्व-निर्धारण करती है बल्कि मनुष्य को जीवन भर के लिए एक पेशे में बाँध देती है''। - कथन पर उदाहरण-सहित टिप्पणी कीजिए।

(iv) भारत में जाति-प्रथा बेरोजगारी का एक प्रमुख कारण किस प्रकार बन जाती है?

(v) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए?

अथवा

(ख) (i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए (कोई **दो**): 1 x 2 = 2

(अ) मेघ

(आ) अंधकार

(इ) नेत्र

(ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए (कोई **दो**): 1 x 2 = 2

(अ) अमृत

(आ) राजा

(इ) दुर्गम

(iii) निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए (कोई **तीन**): 1 x 3 = 3

(अ) कर

(आ) कंचन

(इ) स्नेह

(ई) अंबर

(iv) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए (कोई **तीन**): 1 x 3 = 3

(अ) उल्टी गंगा बहाना

(आ) दाँतों तले उंगलियाँ दबाना

(इ) घी के दीये जलाना

(ई) पगड़ी उछालना

(PART : B–DESCRIPTIVE)

(*Marks* : 50)

7. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए: 5 x 2 = 10

(क) अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेलि बोयी।
अब तो बेलि फैलि गयी, आणंद-फल होयी।

अथवा

पिता जी जिनको बुढ़ापा,
एक क्षण भी नहीं व्यापा,
जो अभी भी दौड़ जाएँ,
जो अभी भी खिलखिलाएँ,

अथवा

ओ चराचर! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

(ख) ऐसा काम ढूँढ़ना जहाँ कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है। जिससे सदैव प्यास बुझती है।

अथवा

मैं तब एक विज्ञापन कंपनी में नौकरी करता था। नौकरी के काम से जब फ़ुर्सत मिलती थी, तब शूटिंग करता था। मेरे पास उस समय पर्याप्त पेसे भी नहीं थे। पैसे खत्म होने के बाद, फिर से पैसे जमा होने तक शूटिंग स्थगित रखनी पड़ती थी।

अथवा

उनकी आँखों में पानी छलछलाने लगा। भरे गले से वे केवल इतना ही कह पाए कि बिरादरी का यही सहारा होता है।

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए : 2 x 5 = 10

(क) भारत की चर्चा नेहरू जी कब और किससे करते थे?

(ख) 1947 और 1948 मे कौन सी महत्वपूर्ण घटनाएँ घटी थीं? 'आत्मा का ताप' पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक हैं। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

(घ) 'इस दौर में भी बचाने को बहुत कुछ बचा है' - से क्या आशय है?

(ङ) दबा दुआ आदमी एक कवि है, यह बात कैसे पता चली?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए (कोई **दो**) : 5 x 2 = 10

(क) 'लक्ष्य प्राप्ति में इंद्रियाँ बाधक होती हैं' - इसके संदर्भ में अपने तर्क दीजिए?

(ख) किन दो दृश्यों में दर्शक यह पहचान नहीं पाते हैं कि उनकी शूटिंग में कोई तरकीब अपनाई गई है?

(ग) 'नमक का दारोगा' कहानी के अंत में अलोपीदीन के द्वारा वंशीधर को मैनेजर नियुक्त करने के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(घ) मोहन के लखनऊ आने के बाद के समय को लेखक ने उसके जीवन का एक नया अध्याय क्यों कहा है ?

(ङ) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं ? वह रूप कैसा है ?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : z x 4 = 20

(क) निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुँइयों पर ग्राम समाज का अंकुश लगा रहता है। लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?

(ख) 'आलो-आँधारी' रचना बेबी की व्यक्तिगत समस्याओं के साथ-साथ कई सामाजिक मुद्दों को समेटे है। किन्हीं दो मुख्य समस्याओं पर अपने विचार प्रकट कीजिए ?

(ग) लता मंगेशकर का संक्षिप्त परिचय दीजिए ?

(घ) अपने परिवार से तातुश के घर तक के सफर में बेबी के सामने रिश्तों की कौन सी सच्चाई उजागर होती है ?

(ङ) पानी को कितने रूपों में बाँटा गया है ? 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ के आधार पर उनका परिचय दीजिए।

★★★

Sample Papers

- CBSE Sample Papers
- ICSE / ISC Board Sample Papers
- AP Board Sample Papers
- Assam Board Sample Papers
- Bihar Board Sample Papers
- Chhattisgarh Board Sample Papers
- Goa Board Sample Papers
- Gujarat Board Sample Papers
- Haryana Board Sample Papers
- HP Board Sample Papers
- J&K State Board Sample Papers
- Jharkhand Board Sample Papers
- Karnataka Board Sample Papers
- Kerala Board Sample Papers

Sample Papers

- MP Board Sample Papers
- Maharashtra Board Sample Papers
- Manipur Board Sample Papers
- Mizoram Board Sample Papers
- Orissa Board Sample Papers
- Punjab Board Sample Papers
- Rajasthan Board Sample Papers
- Tamil Nadu Board Sample Papers
- Telangana State Board Sample Papers
- Tripura Board Sample Papers
- UP Board Sample Papers
- Uttarakhand Board Sample Papers
- West Bengal Board Sample Papers

